




नवभारत 03
इंदौर, शनिवार, 29 नवम्बर, 2025

## एक नजर में

### विश्व एड्स दिवस पर जन जागृति रैली निकाली जाएगी

**खण्डवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एच.आई.वी. एड्स के प्रति जनजागरूकता के लिए 1 दिसम्बर को जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा से जन जागृति रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली प्रात: 9:30 बजे से आयोजित की गई है। यह रैली जिला चिकित्सालय प्रांगण से निकलेगी जो नगर निगम, बाम्बे बाजार, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन से मछली बाजार, जलेबी चौक से होती हुई जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा में समाप्त होगी।

### शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण के आवेदनों का 15 दिन में होगा निराकरण

**लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से करें आवेदन**

**खंडवा।** शस्त्र लायसेंस के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन पत्र जिले के सभी लोक सेवा केन्द्रों पर दिसम्बर माह से लिए जावेगें। प्राप्त आवेदन पत्रों का 15 कार्य दिवस की समय अवधि में करना होगा। उल्लेखनीय है कि शस्त्र (संशोधन) अधिनियम, 2019 की कंडिका-8 अनुसार अब शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्रों का आगामी 5 वर्ष की अवधि तक के लिए नवीनीकरण किया जा सकता है। तद्नुसार अवधि की गणना कर शुल्क जमा कराया जावे। शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन के साथ आवेदक का रंगीन छायाचित्र और निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र सहित जमा करना होगा। लोक सेवा केन्द्र पर आवेदन जमा करते समय शुल्क ऑनलाईन भुगतान करना होगा। आवेदन के साथ मूल शस्त्र लायसेंस संलग्न कराना होगा। आवेदन के साथ विद्युत बिल बकाया नहीं होने के संबंध में विद्युत वितरण कम्पनी के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अदेय प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। आवेदन के साथ शस्त्र लायसेंसधारियों से संबंधित थाना प्रभारी की पूर्ववर्ती सत्यापन रिपोर्ट भी संलग्न करना अनिवार्य है।

### पोषण पुनर्वास केन्द्र रोशनी में स्वस्थ्य हुआ रोहन



**सफलता की कहानी**

**खण्डवा।** खालवा विकासखण्ड के ग्राम झिरन्या निवासी शिवनारायण और उनकी पत्नी सुनिता अपने 15 माह के बच्चे रोहन के कमजोर होने और उसे भूख न लगने की समस्या को लेकर हमेशा चिंतित और परेशान रहते थे। गांव की आशा कार्यकर्ता मंजू ने श्री शिवनारायण और उनकी पत्नी श्रीमती सुनिता को समझाइश दी कि वे रोहन को उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्र रोशनी में भर्ती करा दें, तो वह जल्दी ही स्वस्थ हो जाएगा। शिवनारायण और सुनीता बच्चे रोहन को लेकर रोशनी अस्पताल पहुंच गए जहां डॉ. संतोष मोरे ने रोहन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कर आवश्यक जांच कर तत्काल उपचार प्रारंभ किया। पोषण पुनर्वास केन्द्र में नियमित रूप से बच्चे की जांच कर उसे आवश्यक दवाईयां व पौष्टिक आहार दिया गया। धीरे धीरे रोहन के स्वास्थ्य में सुधार होने लगा और उसका वजन बढ़ने लगा। पोषक प्रशिक्षक ममता श्रीवास में रोहन की माँ को बच्चे की देखभाल और उसके पौष्टिक आहार के बारे में समझाइश दी। बच्चे को एनआरसी में भर्ती रखने से बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार होने लगा और 14 दिन बाद उसकी छुट्टी कर दी गई। बच्चे का वजन भर्ती करने के समय 6 किलो 510 ग्राम था जो 14 दिन में बढ़कर 7 किलो 425 ग्राम हो गया। बच्चे के माता पिता श्री शिवनारायण और श्रीमती सुनिता ने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में अच्छी देखभाल व उपचार से हमारा बच्चा अब बिल्कुल स्वस्थ है और उसका वजन भी लगातार बढ़ रहा है। शिवनारायण ने बताया कि रोहन के इलाज के दौरान पोषण पुनर्वास केन्द्र में दवाइयां तथा भोजन सहित सभी सुविधाएं नि:शुल्क मिली हैं।

### ग्रामीणजन श्रमदान कर गांव गांव में बना रहे हैं 'बोरी बंधान' संरचनाएं




**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में खण्डवा जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित छोटे बड़े नालों में बहते पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि गुरूवार को विकास खंड पुनासा के ग्राम मथेला में नाले पर श्रमदान कर बोरी बंधान बनाया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था के ज्ञान गंगा संस्थान ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों के सहयोग से आयोजित किया गया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री पटेल ने बताया कि जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था द्वारा विकास खंड खालवा की ग्राम पंचायत मुहाल खारी में महुआ नाला पर 70 बोरियों से बोरी बंधान बनाया गया। इसके अलावा पंधाना विकासखंड के ग्राम नानखेड़ा में भी जामुन वाला नाले पर 30 बोरियों से बोरी बंधान संरचना का निर्माण किया गया। इसी तरह पंधाना विकासखंड के ग्राम पोखरखुर्द में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान संरचना निर्माण कार्य किया गया। खण्डवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जावर में भी जामघा नदी पर तथा बोरी बंधान संरचना का निर्माण किया गया।

### सोमगांव के शिविर में पुरुष नसबंदी के बारे में ग्रामीणों को समझाया




**खण्डवा।** परिवार नियोजन में पुरूष भागीदारी को बढ़ावा देने के ''पुरूष नसबंदी पखवाड़ा'' 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को विकासखण्ड किल्लौद के ग्राम सोमगांव में आयोजित शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ.पी. जुगतावत ने कहा कि महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी कम जौखिम भरा व आसान है। उन्होंने बताया कि पुरूष नसबंदी एक बहुत ही आसान व सरल पद्धति है जिसमें नसबंदी करने में मात्र 5 से 10 मिनिट का समय लगता है और पुरूष को भर्ती होने की भी आवश्यकता नहीं है और नसबंदी के बाद पुरूष अपने घर जा सकते हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती है। जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने शिविर में बताया कि महिला नसबंदी के अपेक्षा पुरूष नसबंदी बहुत ही आसान है। उन्होंने बताया कि पुरूष नसबंदी कराने पर हितग्राही को 3000 रू. और प्रेरक को 400 रूपये प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाते हैं।

# बीएलओ निलंबित, दूसरे पर एक माह का वेतन काटने की तैयारी

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में पूरे जिले के अधिकारी और कर्मचारी परेशान नजर आ रहे हैं। कलेक्टरों पर टारगेट पूरा करने का प्रेशर है। मैदानी कर्मचारी पर भी इतना दबाव है कि वे दौड़ दौड़ कर भी टारगेट बन रहे हैं। हालांकि खंडवा जिले में स्थिति ठीक बताई जा रही है।**

प्रशासन चाहता है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बूथ लेवल अधिकारी इस ऊर्जा से कम करें, जैसे क्लास वन के अधिकारी कर रहे हैं। ऐसा न करने पर लगातार कर्मचारियों को निलंबित भी किया जा रहा है। अच्छा काम करने वालों को मालाएं पहनकर सम्मानित भी किया जा रहा है। शुक्रवार को फिर एक बीएलओ सचिन सांवले को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया। सचिन सांवले खंडवा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 114 के हैं।




### एक माह का वेतन काटने के निर्देश

इसी तरह काम में लापरवाही को लेकर एक अन्य कर्मचारी प्रेम नारायण जोशी के एक माह का वेतन काटने के आदेश जारी किए हैं। श्री जोशी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण खंडवा के स्थाई कर्मचारी हैं। मतदाता सूची के सत्यापन के लिए मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु और अन्य विवरण का भौतिक सत्यापन करने की जिम्मेदारी सभी बीएलओ को दी गई है। सचिन सावले का निलम्बन अवधि में मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय खण्डवा रहेगा तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### मतदाता सेवा पोर्टल में करें शिकायत

शिकायत दर्ज होते ही कॉल करने वाले को एक टोकन आईडी प्रदान की जाती है, जिसके माध्यम से वह बाद में अपनी शिकायत की स्थिति ट्रैक कर सकता है। ऑनलाइन सुविधा के रूप में राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल में भी शिकायत पंजीकृत की जा सकती है, जहाँ पोर्टल के कंम्प्लेंट सेक्शन में जाकर शिकायत का प्रकार चुनने, आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करने और सबमिट करने पर यह शिकायत सीधे जिला या राज्य निर्वाचन कार्यालय तक पहुँच जाती है और उसका निवारण तय समय-सीमा में किया जाता है। सामान्य शिकायतों का निवारण सात से पन्द्रह दिनों के भीतर किया जाता है, जबकि तात्कालिक या महत्वपूर्ण शिकायतों पर एक से तीन दिनों के भीतर कार्रवाई की जाती है।

### परेशानी है तो बताएं तुरंत दूर होगी शिकायत

कलेक्टर ने निर्देश जारी किए हैं कि विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी अपनी सभी शिकायतें, मतदाता सरल, पारदर्शी और प्रभावी माध्यमों से दर्ज करा सकते हैं। फॉर्म वितरण, डाटा सत्यापन, बीएलओ संपर्क, मतदाता सूची त्रुटियों और अन्य निर्वाचन कार्यों से संबंधित शिकायतों के लिए प्रदेश में व्यापक शिकायत निवारण प्रणाली संचालित है। मतदाता अपनी शिकायतें राष्ट्रीय मतदाता टोल-फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1950 पर कॉल करके दर्ज करा सकते हैं।

# किसानों से 30 लाख रुपए हड़पने वालों में एक को यूपी से पकड़ा

**जैविक खाद और पाली हाउस की डीलरशिप का पिछले साल दिया था प्रलोभन**

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। सीधे-साधे किसानों से 28 लाख रुपए हड़पने वाली एक कथित कंपनी के लोग पिछले साल 2024 में लेकर फरार हो गए थे। रामनगर चौकी ने मामला हैंडल किया।**

इस मामले में एक आरोपी को गाज़ीपुर उत्तरप्रदेश से रामनगर चौकी की पुलिस पकड़ कर लाई है। उसे न्यायालय में भी पेश किया गया।

### बड़ा तामझाम देख उलझे किसान

एक पाली हाउस में स्टैंडर्ड तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। तामझाम और स्टैंडर्ड देखकर किसानों ने 28 लाख रुपए जमा भी कर दिए। उनसे कहा गया था, कि फॉर्मर फर्स्ट चॉइस नाम की कंपनी में पाली हाउस एवं जैविक खाद की डीलरशिप दी जाएगी। खंडवा वह आसपास के जिलों के 25 से 30 किसान पहुंचे थे। किसानों ने एडवांस रूप में 28 लाख रुपए कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों को दे दिए। इस घटनाक्रम के बाद वे इन्हें खोजते रहे, लेकिन सब के सब फरार हो गए थे। करीब 25 से 30 किस शिकार हुए थे।

### मेहनतकश किसानों से ऐसे हुआ धोखा

उन्नत खेती के लिए पाली हाउस और जैविक खेती के लिए किसान लालायित हैं। ऐसा करने से किसानों को फसल के दाम कई गुना ज्यादा मिलते हैं। मेहनत के मोती उगाने वाले भोले किसानों को जैविक खाद की एजेंसी देने के लिए कुछ किसानों से पिछले साल 2024 में 28 लाख रुपए एकत्रित किया। इन्हें कई तरह के प्रलोभन भी दिए।

### सालभर बाद एक आरोपी पकड़ में आया



आरोपी को थाना कोतवाली के प्रकरण मे न्यायालय की अनुमति से चौकी प्रभारी सउनि नंदराम वासुरे द्वारा गिरफ़्तार कर 28 नवंबर 25 को खंडवा न्यायालय में पेश कर जुडिशल रिमांड प्राप्त किया गया।

### कभी सूरज, कभी चंदन बन जाता था

धोखाधड़ी के संबंध मे थाना कोतवाली खंडवा में अपराध क्रमांक 546/24 धारा 316/, (4)318 (2)111 BNS का अपराध 12 आरोपियों के विरुद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान एक आरोपी सूरज यादव उर्फ चंदन प्रजापति पिता निरंजन प्रजापति निवासी गाज़ीपुर उत्तर प्रदेश को रामनगर चौकी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी के विरुद्ध पूर्व से थाना नरसिंहगढ जिला राजगढ मे धारा 316 (4)318 (2)111 BNS का अपराध पंजीबद्ध हो कर गिरफ्तार किया गया था।

# सांदीपनि विद्यालय में शतरंज संघ के कार्यालय व प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। सांदीपनि विद्यालय आनंद नगर, खंडवा में जिला शतरंज संघ के कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शतरंज की चाल चलकर किया।**

इस ट्रेनिंग सेंटर पर प्रतिदिन सायं 5 बजे से 8 बजे तक बच्चों को शतरंज की बारीकियां सिखाई जाएंगी। इस सम्बंध में जिला शतरंज संघ के सचिव अजीत जैन ने बताया कि भविष्य में इस प्रशिक्षण केन्द्र में शतरंज से सम्बंधित और भी आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर शतरंज संघ जिलाध्यक्ष राजेश बच्छानिया, उपाध्यक्ष रविंद्र थत्ते एवं सुनील शर्मा सहित शतरंज संघ के सक्रिय सदस्य एवं शतरंज खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# एनसीसी दिवस पर रक्तदान शिविर




**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खंडवा में गत दिवस रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।**

इस शिविर का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों एवं समुदाय में रक्तदान के महत्व को प्रोत्साहित करना था। यह रक्तदान शिविर एनसीसी बटालियन खंडवा के कमान अधिकारी कर्नल के. राजेश के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपेश साबले ने अपने संबोधन में एनसीसी कैडेट एवं युवाओं को राष्ट्रसेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व से अवगत कराया।

इस शिविर में एचडीएफसी बैंक यूनिट हेड दिलीप गंगराड़े एवं शाखा प्रबंधक सिविल लाइन ब्रांच अमित सुराणा ने रक्तदान करने वाले कैडेट्स को प्रमाण पत्र एवं विशेष उपहार प्रदान किया, जिससे अधिक से अधिक युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़े।

इस शिविर में एस. एन. महाविद्यालय खंडवा, भगवंतराव मंडलोई कृषि महाविद्यालय खंडवा एवं डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय खंडवा के कैडेट एवं एस. एन. महाविद्यालय खंडवा के स्टाफ एवं बटालियन के स्टाफ ने भी ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. कुलदीप सिंह फरे, एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनोज कुरील, लेफ्टिनेंट सोहन सिंह डावर भी उपस्थित थे।

# अवैध शराब, गुंडे-बदमाशों के खिलाफ की जा रही है कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानो में 23 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 14 प्रकरणों मे 22 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरणों मे 01 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 04 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 11 गिरफ़्तारी, 23 जमानती वारंट, 76 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना थाना पदमनगर के आरोपी विजय सिंग पिता छन्नु जाति छतरीय (ठाकुर) उम्र 58 वर्ष निवासी टपालचाल, हाल निवासी भगतसिंह चौक खंडवा के कब्जे से 10 बियर Lemount bolt strong बियर 6.50 लीटर कीमती 1480/-रु. की जप्त की गई। आरोपी विशाल पिता लोवे सिंग जाति राजपूत उम्र 20 साल निवासी इंदौर नाका खंडवा के कब्जे से प्लेन देशी मदिरा सफेद रंग के कुल शराब के 17 क्वाटर कीमती करीबन 1360/ रू. की जप्त की गई। आरोपी लक्की पिता संतोष जाधम जाति कहार उम्र 21 साल निवासी दुबे कालोनी खंडवा के कब्जे से प्लेन देशी मदिरा सफेद रंग के कुल शराब के 20 क्वाटर कीमती करीबन 1400/ रू. की जप्त की गई।

थाना पंधाना के आरोपी रोहित पिता परशराम लौढा उम्र 25 साल निवासी शिव चौक पंधाना के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कीमती 1600/-रू. की जप्त की गई। आरोपी सुनिल पिता मन्नु फूलमाली उम्र 32 साल निवासी मस्जिद के पास पंधान के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कीमती 1440/-रू. की जप्त की गई7 उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 79 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 39100/-रु. वसूल किए गए है।

**स्वच्छता की पाठशाला** ▶ **स्वच्छता के सरल और रोचक तरीकों को साझा किया**

# गीला-सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालें




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। नगर निगम खंडवा द्वारा शहर में स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने के लिए 'स्वच्छता की पाठशाला' अभियान शुक्रवार को विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में आयोजित किया गया।**

यह कार्यक्रम महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में संचालित हुआ, जिसका उद्देश्य नन्हें विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति आदतों और जिम्मेदारियों को मजबूत करना रहा।

आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत ललित कला मांटेसरी स्कूल में विद्यार्थियों को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने, कचरा फैलाने से बचने और अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के बारे में विस्तार से समझाइश दी गई। इस दौरान विद्यालय की प्रिंसिपल H. M. तिवारी एवं सभी शिक्षिकाओं की उपस्थिति में बच्चों ने स्वच्छता शपथ भी दोहराई।

अभियान के अगले चरण में पी.जी. इंग्लिश मीडियम स्कूल, लाल चौकी मेन रोड में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। यहाँ विद्यालय की प्रिंसिपल रजनी जोशी और शिक्षिकाएँ भारती मैडम, सीमा सोमानी, शक्ति माला गीते, जिया अश्वनी, तथा सिमरन रेतवानी द्वारा बच्चों को स्वच्छता के व्यावहारिक तरीके समझाए गए। विद्यार्थियों ने डस्टबिन के सही उपयोग, स्वच्छ कक्षाओं और स्कूल परिसर को साफ रखने की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

इसी क्रम में क्रिसेंट स्कूल, हजरत खानसावली वार्ड में भी स्वच्छता की पाठशाला आयोजित की गई, जहाँ बच्चों को कचरा प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सामुदायिक स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी नगर निगम खंडवा द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

नगर निगम खंडवा की टीम ने सभी स्कूलों में बच्चों को प्रेरित करने के लिए स्वच्छता के सरल और रोचक तरीकों को साझा किया, जिससे विद्यार्थी स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समुदाय को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर सकें।

अंत में नगर निगम खंडवा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे बच्चों द्वारा अपनाए जा रहे इन स्वच्छता के आदर्शों को अपने जीवन में भी शामिल करें और नगर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने में सहयोग दें।